26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 03 दिसम्बर, 2025
अंक- 40 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# दिल्ली MCD चुनाव नतीजों में उलटफेर

# भाजपा को घाटा

## आप ने बचाए अपने गढ़, कांग्रेस को फायदा



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली नगर निगम यानि डीएमसी के उपचुनाव में सभी 12 सीटों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने कुल सात सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आम आदमी पार्टी तीन सीटों पर जीती है। एक सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक शोएब इकबाल वाली पार्टी ने कब्जा जमाया है। वहीं, कांग्रेस ने भी एक सीट पर भाजपा को हराया है। आम आदमी पार्टी अपनी लाज बचाने में कामयाब रही, वह पहले की तरह तीन सीट जीत पाई। हालांकि उसकी सीटों में परिवर्तन हुआ है, जबकि कांग्रेस ने खाता खोलकर सबको चौंका दिया। मटिया महल के कद्दावर नेता शोएब इकबाल ने आम आदमी पार्टी से बगावत करके अपने उम्मीदवार को जिताने में कामयाबी हासिल की। एमसीडी उपचुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। भाजपा 12 में से केवल सात सीट ही जीत पाई, जबकि पहले पार्टी के पास नौ सीटें थीं। आम आदमी पार्टी को न नुकसान हुआ है, न ही फायदा हुआ है। आप के पास पहले तीन सीटें थीं, उपचुनाव में भी तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, कांग्रेस ने उपचुनाव में खाता खोलकर सबको चौंका दिया है। आम आदमी पार्टी ने नारायण सीट भाजपा से छीनी है, यहां से वर्तमान विधायक उमंग बजाज 2022 में पार्षद बने थे। आप की राजन अरोड़ा ने भाजपा की उम्मीदवार चंद्रकांता को हराया है। इन दोनों के बीच काटे की टक्कर देखने को मिली। राजन मात्र 148 वोट से जीतीं। मुंडका सीट से आम आदमी पार्टी के अनिल ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के जयपाल को हराया है। दोनों के बीच 1577 वोट का अंतर रहा। मुंडका से 2022 में निर्दलीय गजेंद्र दलाल चुनाव जीते थे मगर वह भाजपा में शामिल हो गए थे और अब मुंडका से वह भाजपा के विधायक हैं। इस तरह यह सीट आम आदमी पार्टी ने भाजपा से छीनी है। दक्षिणपुरी सीट से आम आदमी पार्टी की जीत हुई है। रामस्वरूप कनौजिया ने भाजपा की रोहिणी को हराया है। दोनों के बीच 2262 वोट का अंतर है। दक्षिणपुरी सीट पहले भी आम आदमी पार्टी के पास थी। शालीमार बाग सीट से भाजपा जीती है। इस सीट पर अनीता जैन चुनाव लड़ रही थीं। उन्होंने आप की बबीता राणा को हराया है। 2022 में शालीमार बाग सीट से रेखा गुप्ता चुनाव जीती थीं। संगम विहार सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है।

## सीएम योगी की सख्ती के बाद बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों पर कसा शिकंजा

### डिटेंशन सेंटर शीघ्र बनाने का निर्देश



**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में 17 नगर निकायों को निर्देश दे दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि नगर निकायों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की सूची बनाएं और कमिश्नर व आईजी को सौंपें। कमिश्नर व आईजी को प्रथम चरण में डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया गया है। ये डिटेंशन सेंटर प्रदेश के हर मंडल में बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अधिकारी एक्शन में आ गए हैं। उत्तर प्रदेश में विदेशी घुसपैठियों को बाहर करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन के निर्देश पर जिलों में खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने आदि चिन्हित किए जा रहे हैं, जहां घुसपैठियों को कड़ी सुरक्षा में रखा जा सके। दिल्ली में करीब 18 डिटेंशन सेंटर चल रहे हैं, जिनमें तकरीबन 1500 विदेशी नागरिकों को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त में रखा गया है। इनमें अवैध रूप से सीमा पार करके आए बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अफ्रीकी मूल के देशों के नागरिक हैं।

## तत्काल में विंडो टिकट लेने पर भी ओटीपी होगा जरूरी

### रेलवे ने लिया ये बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** रेलवे ने दलालों पर लगाम लगाने के लिए विंडो तत्काल टिकट बुकिंग पर बड़ा फैसला किया है। अब बुकिंग के दौरान यात्री के पास ओटीपी आएगा, जिसके बाद टिकट बुकिंग होगी। अगले दिन कुछ दिनों में देशभर में चलने वाली सभी ट्रेनों में यह व्यवस्था लागू होगी।

रेलवे के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में सभी ट्रेनों के तत्काल काउंटर टिकटों के लिए ओटीपी आधारित सिस्टम लागू होगा। इसका उद्देश्य तत्काल सुविधा का दुरुपयोग और दलालों पर लगाम लगाकर यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराना है।

दरअसल, रेलवे ने आम यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए ओटीपी आधारित तत्काल रिजर्वेशन सिस्टम का प्रस्ताव रखा। सबसे पहले जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण शुरू किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में सभी जनरल रिजर्वेशन की फर्स्ट-डे बुकिंग के लिए OTP आधारित ऑनलाइन सिस्टम लागू हुआ। दोनों सिस्टम आम यात्रियों द्वारा सफलतापूर्वक अपनाए गए और इससे रिजर्वेशन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ी है।

रेलवे ने 17 नवंबर 2025 को रिजर्वेशन काउंटरों से बुक होने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। फिलहाल यह व्यवस्था 52 ट्रेनों तक विस्तारित की जा चुकी है। इस सिस्टम के तहत जब यात्री रिजर्वेशन फॉर्म भरकर तत्काल टिकट बुक करते हैं तो उनके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाता है। इसमें यात्रियों का टिकट तभी सुनिश्चित हो पाता है जब ओटीपी का सफल सत्यापन हो जाता है। आने वाले दिनों में यह ओटीपी आधारित तत्काल रिजर्वेशन सिस्टम सभी शेष ट्रेनों पर लागू कर दिया जाएगा। यह कदम रेलवे टिकटिंग में पारदर्शिता, यात्री सुविधा और सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
- बाल रोग
- स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
- त्वचा रोग
- बालों की समस्या
- थाईराइड
- हाई बी.पी.
- मधुमेह
- गुर्दे की पथरी
- जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
- साइटिका
- साइनसाइटिस (साइनस)
- दमा
- टाइफाइड, पीलिया
- कब्ज, गैस बनना, बवासीर
- अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज
परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपरान्ह 2:00 बजे तक सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349

मकान बिकाऊ
बिजनौर में चर्च के निकट, डीएम कम्पाउंड के सामने 350 वर्ग गज में बना बेहद अच्छी कंडीशन का एक मकान 46 (फ्रंट) x 68.5, 7 कमरे, बिकाऊ है। सम्पर्क करें-
मो. 9821118478, 8958177144

गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 04 दिसम्बर 2025**

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# जिले में आप्रेशन कर रहे बिना डिग्रीधारी

## आईएमए ने एडवाइजरी की जारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने जनपद में अवैध चिकित्सा प्रैक्टिस एवं बिना योग्यताओं के की जा रही एनेस्थीसिया एवं सर्जरी के सम्बंध में एडवाइजरी जारी की है।

आईएमए बिजनौर द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि भारतीय चिकित्सा संघ के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना आवश्यक डिग्री, प्रशिक्षण एवं वैधानिक अधिकारों के चिकित्सा कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से अनाधिकृत व्यक्तियों जैसे तकनीशियन या बीएमएस/आयुष चिकित्सकों द्वारा बिना वैध प्रशिक्षण या अनुमति के एनेस्थीसिया का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं सिजेरियन ऑपरेशन, लैप्रोस्कोपिक कोलेस्टिक्टॉमी तथा अन्य बड़े ऑपरेशन ऐसे व्यक्तियों द्वारा किये जा रहे हैं, जो एमबीबीएस/एमएस/डीएनबी या उचित सर्जिकल योग्यता नहीं रखते।

आईएमए बिजनौर का कहना है कि रोगी की सुरक्षा के लिये यह अत्यंत हानिकारक है। साथ ही चिकित्सकीय



प्रतीकात्मक चित्र

नैतिकता एवं मानकों का उल्लंघन है तथा एनएमसी एक्ट 2019, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा मेडिकल काउंसिल नियमों के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। आईएमए बिजनौर ऐसे अवैध, असुरक्षित और गैर व्यावसायिक चिकित्सा कार्यों की कड़ी निंदा करता है तथा आईएमए के सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि ऐसे किसी भी व्यक्ति, संस्था या प्रक्रिया का समर्थन या सहयोग न करें, जो बिना आवश्यक योग्यता के एनेस्थीसिया या सर्जरी कर रहा हो। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे मामलों की सूचना नियामक संस्थाओं को दी जाये। यदि आईएमए का कोई सदस्य ऐसे अवैध चिकित्सीय कार्यों में सम्मिलित होता है तो इसके परिणामस्वरूप होने वाली किसी भी कानूनी कार्रवाई, सिविल/क्रिमिनल जिम्मेदारी अथवा अन्य दंडात्मक परिणाम के लिये आईएमए बिजनौर किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

अंत में आईएमए बिजनौर ने सभी सदस्यों से अपेक्षा की है कि वे चिकित्सा नैतिकता, पेशेवर मर्यादा तथा रोगी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और चिकित्सकीय पेशे की गरिमा को बनाये रखें। बता दें कि बिजनौर जनपद में बड़े पैमाने पर फर्जी अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं, जिनमें अयोग्य व अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा रोगियों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में आईएमए बिजनौर की एडवाइजरी बहुत महत्वपूर्ण है।

# बच्चों व बुजुर्गों को सर्दी से बचायें

## गर्म कपड़े पहनें, पौष्टिक आहार खिलायें

स्योहारा (चिंगारी)। दिसम्बर का महीना लगते ही सर्दी का प्रकोप शुरू हो गया है। इसी के साथ सर्दी जनित बीमारियां शुरू हो गई हैं। उधर, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस बार उत्तर प्रदेश में पिछले वर्षों की अपेक्षा ज्यादा ठंड होने की संभावना व्यक्त की है। ऐसे में सावधानी बरतना आवश्यक है। इस सम्बंध में चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।



डॉ. मनोज वर्मा डॉ. राजबहादुर शर्मा डॉ. शाश्वत वर्मा

नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक मनोज वर्मा का कहना है कि सर्दियों में हार्टअटैक का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में खुद को गर्म रखें। संतुलित और पौष्टिक आहार लें तथा नियमित रूप से व्यायाम करें। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीयें। अगर किसी को हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल या ब्लड शुगर की समस्या है तो डॉक्टर से नियमित जांच कराते रहें और दवायें समय पर लें।

लोकतंत्र सेनानी एवं चिकित्सक राजबहादुर शर्मा ने बुजुर्गों को ठंड से बचाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अधिक उम्र में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में बुजुर्ग व्यक्ति जल्दी ठंड की चपेट में आ जाते हैं। उन्होंने मौसमी सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी।

डॉ. शाश्वत वर्मा ने कहा कि बच्चों को ठंड से बचाकर रखें। सर्दियों में बच्चे जल्दी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। जुकाम या बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखायें। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर रखें। सिर व कान ढककर रखें। पौष्टिक आहार दें।

## बिजनौर में नि:शुल्क आई कैम्प 10 दिसम्बर को

बिजनौर (चिंगारी)। नगर के प्रसिद्ध सर्राफ रघुनाथ प्रसाद, वीरेंद्र कुमार अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल द्वारा हर माह नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाता है। इस श्रृंखला में आगामी शिविर 10 दिसम्बर बुधवार को अग्रवाल भवन प्रथम तल स्टेट बैंक नूरपुर रोड बिजनौर में किया जायेगा। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा आयोजित किया जायेगा। शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा तथा पूर्णतया नि:शुल्क होगा। शिविर सम्बंधी जानकारी मो. 9837027465 पर की जा सकती है।

# दिव्यांगों के लिये प्रेरणास्रोत हैं एम.आर. पाशा

## मेरा जीवन दिव्यांगों के लिए समर्पित, मेरी जिंदगी का मकसद दिव्यांगों के जीवन में खुशियां लाना- पाशा

**विश्व विकलांगता दिवस**

बिजनौर (चिंगारी)। मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है/पंखों से कुछ नहीं होता हौंसलों उड़ान होती है। शायर की इन पंक्तियों को एम.आर. पाशा ने सिद्ध कर दिखाया है। खुद दिव्यांग होते हुए भी एम.आर. पाशा दिव्यांगों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। दिव्यांगों के हित व कल्याण के लिये किये गये कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। उनकी उपलब्धियां अनुकरणीय है।

बिजनौर जनपद के बुढ़नपुर निवासी एमआर पाशा खुद दिव्यांग हैं लेकिन अपने जैसे ही कई दूसरे दिव्यांगों की जिंदगी में नया सवेरा करने में जुटे हुए हैं। वह उन्हें सहायक उपकरणों का वितरण और जीविकोपार्जन के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं। पाशा की मुहिम दिव्यांगता की बेड़ियों को तोड़ अपने जैसे हजारों ठिठके कदमों को उम्मीदों भरी नई रफ्तार सौंपने की है। खुद की दिव्यांगता के दंश पर धैर्य खोने की बजाय अपनी हिम्मत के जरिए उन्होंने दूसरे दिव्यांगों के जीवन में उजाला किया है। हजारों जरूरतमंदों को सहायक उपकरणों के वितरण तथा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिला चुके हैं। गांव बुढ़नपुर में वर्ष 1984 में जन्मे एमआर पाशा दिव्यांग हैं। स्योहारा के एमक्यू इंटर कॉलेज से 12वीं और धामपुर के आरएसएम डिग्री कॉलेज से बीएससी की शिक्षा प्राप्त की। पाशा बताते हैं कि बचपन से ही उन्होंने



दिव्यांग होने के चलते बहुत सी चुनौतियों का सामना किया। बावजूद इसके कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। पढ़ाई के समय से ही उनके मन में दूसरे दिव्यांगों की मदद करने का जज्बा था। वर्ष 2000 में उन्होंने संगठन बनाते हुए दिव्यांगों को एक प्लेटफार्म पर साथ जोड़ने की मुहिम शुरू की। अपनी आजीविका के लिए वह गांव में ही जूनियर हाई स्कूल चलाते हैं। भविष्य में विकलांग व वृद्धाश्रम खोलने के साथ ही कैलिपर्स बनाने की फैक्टरी लगाने को उन्होंने अपना अगला लक्ष्य बताया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के जरिए दिव्यांगों की आवाज को हर स्तर पर बुलंद करते हैं। हजारों जरूरतमंदों, दिव्यांगों, वृद्ध व असहाय लोगों कृत्रिम अंगों के वितरण संग पेंशन समेत सरकारी अन्य दूसरी योजनाओं का लाभ भी दिला चुके हैं। सर्दियों में लिहाफ-कंबल वितरण की उनकी मुहिम भी लगातार आगे बढ़ रही है।

किसानों से 8 दिसम्बर को बिजनौर महापंचायत में चलने का आह्वान ( पेज 9 )


# फोन न देने पर पति से हुई कहासुनी, पत्नी ने फांसी लगाकर मौत की राह चुनी

## कमरे में पंखे से लटका मिला रानी का शव

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** सिडकुल थाना क्षेत्र में एक नव विवाहिता ने पति से कहासुनी होने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान रानी (22 वर्ष) पत्नी बहादुर निवासी कोट सराय थाना नांगल सोती बिजनौर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मंगलवार को थाने में सूचना दी गई कि रोशनाबाद के कमरे के अंदर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। अंदर से बंद कमरे को स्थानीय लोगों की मदद से खुलवाकर पंखे पर फंदे से लटके शव को नीचे उतारा गया। बहादुर किराना दुकान पर काम करता है। 6 माह पहले उसने रानी से प्रेम विवाह किया था। यहां रोशनाबाद की परमानंद विहार कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। जांच में सामने आया कि मंगलवार की सुबह दोनों के बीच मोबाइल फोन के लिए विवाद हुआ था। दोनों एक ही फोन का इस्तेमाल करते थे, इसलिए दुकान पर जाने से पहले रानी ने फोन मांगा था। पति ने फोन देने से मना कर दिया। कहासुनी होने के बाद उसने पत्नी को छोड़ने की बात कह दी। इसके बाद वह दुकान पर चला गया। तब रानी ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। निशा यादव और एसओ नितेश शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। एस ओ ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।


**माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

निकट भारत पेट्रोल पम्प, मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर

7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

**एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर**
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



**डॉ. पल्लवी एम. जैन**
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

**उपलब्ध सुविधाएँ**

- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


# सुहागरात से पहले दुल्हन फ़रार

## बाद में मिलने पर दूल्हे ने रखने से किया इंकार

**नहटौर ( चिंगारी )।** सुहागरात से पहले दुल्हन के गायब होने से ससुराल में हड़कंप मच गया। दूल्हा पक्ष ने दुल्हन को तलाश करने के उपरांत उसे साथ रखने से मना कर दिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया, जिसके बाद कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गयी।

नहटौर के एक गांव निवासी युवक की शादी स्योहारा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। शादी के बाद दुल्हन ससुराल में पहुंची। दिन भर वैवाहिक कार्यक्रम चले। सोमवार की सायं को दुल्हन अचानक गायब हो गई। जिससे हड़कंप मच गया। ससुराल पक्ष द्वारा मामले की जानकारी दुल्हन के मायके वालों और डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार वालों ने पुलिस वालों के साथ मिलकर दुल्हन की तलाश शुरू की। बताया जाता है कि दुल्हन गांव से कुछ दूर पैदल जाते हुए मिली। उसके पास एक छोटा बैग था। गांव से निकलने पर उसने अपने कपड़े बदले। मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई, जिसमें दूल्हे और उसके परिजनों ने दुल्हन को अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। मंगलवार को मामला नहटौर थाने पहुंच गया। दूल्हा पक्ष अपनी बात पर अड़ा रहा। पुलिस ने दुल्हन को उसके मायके वालों के साथ भेज दिया। बाद में दोनों पक्षों की थाने के बाहर हुई बैठक में समझौता हो गया। जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे से लिया गया सामान वापस करेंगे और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगे। थानाध्यक्ष ने बताया कोई तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### दुल्हन की मर्जी के ख़िलाफ़ की थी शादी

**ग्रामीणों के अनुसार युवती की शादी उसकी मर्जी के खिलाफ हुई थी। युवती कहीं और शादी करना चाहती थी। जिसकी पुष्टि पंचायत में शामिल लोगों द्वारा की गई है।**

## ट्रेन से गिरकर वृद्ध की मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आज सुबह पैसेंजर ट्रेन से नीचे गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम तिगरी निवासी मौ जीशान ( 55 वर्ष ) आज सुबह लगभग पौने 11बजे नजीबाबाद से गजरौला जाने वाली ट्रेन में चढ़ रहे थे। बताया जाता है कि ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से मौ. जीशान नीचे गिर गये। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनुमान है कि सिर में चोट लगने से उनकी मौत हुई है।

## भरभराकर गिर मकान

**अल्हैपुर-धामपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र क गांव सरकडा-चकराजमल में एक बड़ा हादसा होने से बच गया। बता दें कि गांव सरकडा-चकराजमल निवासी मोहम्मद असलम का परिवार जिसमें तीन लड़के असलम व उसकी पत्नी एक ही घर में रहते थे। मंगलवार की सुबह को घर के सभी लोग मजदूरी करने निकल गए थे। कुछ ही देर बाद दो मंजिला मकान भर-भराकर गिर गया। यदि परिवार के सारे सदस्य घर में मौजूद होते तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। बताया गया है, कि मकान में निर्माण कार्य चल रहा था, जिसकी एक साइड की दीवार निकाल कर कार्य किया जा रहा था। मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।




फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !

Hero

★नियम व शर्तें लागू

Good Life Gift Voucher

आवश्यकता है कुशल सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल की

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे**
**या बुरी...**

## सहकारिता से समृद्धि की ओर

भारत एक कृषि प्रधान देश है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुलकर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाये तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। 'सहकार से समृद्धि' का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है। भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं- खुली और स्वैच्छिक सदस्यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस्यों की भागीदारी; सदस्यों की आर्थिक भागीदारी; स्वायत्तता और स्वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना-कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार। सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है।

# नेशनल हेराल्ड केस

# भ्रष्टाचार या राजनीतिक प्रतिशोध



▶▶ मनोज कुमार अग्रवाल

नेशनल हेराल्ड मामले में श्रीमती सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल हेराल्ड केस में मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति 50 लाख रुपये में खरीदी गई थी। दोनों नेताओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने नई प्राथमिकी दर्ज की है। इस में सोनिया और राहुल के अलावा कुल छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया गांधी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही इडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।



सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण धोखाधड़ी के जरिए किया गया। एसोसिएट जर्नल की कुल संपत्ति लगभग 2000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह अधिग्रहण यंग इंडियन के माध्यम से किया गया था, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी बताई जाती है।

नई एफआईआर में सोनिया और राहुल के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। जिन कंपनियों को एफआईआर में शामिल किया गया है, उनमें एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। ( )

एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गये हैं। इडी ने 9 अप्रैल,2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। ताज़ा एफआईआर में सोनिया गांधी (आरोपी संख्या 1) राहुल गांधी (आरोपी संख्या 2)सुमन दुबे (आरोपी संख्या 3) सैम पित्रोदा (आरोपी संख्या 4), मेसर्स यंग इंडियन (आरोपी संख्या 5) मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड (आरोपी संख्या 6)सुनील भंडारी (आरोपी संख्या 7)बनाए गए हैं।

आरोप है कि कोलकाता स्थित तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिये गये और सिर्फ 50 लाख रुपये में एसोसिएट जर्नल का अधिग्रहण किया गया, जबकि एसोसिएट जर्नल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये आंकी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ कर सकती है। गांधी परिवार पर आरोप है कि इस संपत्ति को हड़पने के लिये यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड नाम का इस्तेमाल किया गया। ये कंपनियां कथित तौर पर कोलकाता की शेल कंपनियां हैं, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ रुपये दिये थे। जिससे गांधी परिवार ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये देकर एसोसिएट जर्नल को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने के लिए कहा था।

गौरतलब है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की थी। इसकी संपत्ति दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में फैली थी। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी अखबार के प्रबंधन का जिम्मा संभालती थी। आरोपों के मुताबिक जिस वक्त नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार को महज 50 लाख रुपये में बेची गई उस वक्त उसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये थी।

नेशनल हेराल्ड केस में 2008 से 2014 के बीच मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। वर्ष 2014 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। 9 अप्रैल को गांधी परिवार समेत अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गांधी परिवार ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन अदालतों ने कोई राहत नहीं दी। चूंकि यह मामला हजारों करोड़ की एजेएल की संपत्तियों और शेयरों के रूप में अपराध की आय बनाने, कब्जे और उपयोग से संबंधित है, इसलिए 752 करोड़ मूल्य की एजेएल की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए इडी ने 20 नवंबर 2023 को अटैच करने का आदेश जारी किया था, जिसकी निर्णायक प्राधिकारी ने पुष्टि कर दी है।

इडी की जांच रिपोर्ट आयकर विभाग के यंग इंडियन मामले में 27 नवंबर 2017 के आदेश को और आगे बढ़ाती है। 2017 में, आईटी विभाग ने यंग इंडियन के हाथों एजेएल की संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण पर 414 करोड़ से अधिक की बड़ी टैक्स चोरी पाई थी। हालांकि इडी के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लंबे समय से खारिज करती आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी एजेंसियों का इस्तेमाल कर गांधी परिवार को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने लगातार आरोपों को गलत बताया है और इडी पर सरकार के कहने पर राजनीतिक चाल चलने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ बीजेपी इसे कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का भ्रष्टाचार बताती रही है।

राजनीतिक हल्के में ताजा एफआईआर से हड़कंप मच गया है। कयास है कि राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले के आगे बढ़ने पर नेता प्रतिपक्ष पद भी छोड़ना पड़ सकता है। संभावना है कि अब सरकार विपक्ष पर हावी होने के लिए नई स्ट्रेटजी बना कर काम कर रही है और जल्द ही कुछ अहम बिल सरकार संसद में लाएगी और अपने अजेंडा को प्रभावी बनाएगी। (विनायक फीचर्स)

**प्रेरक-प्रसंग**

## बड़ों का आशीर्वाद मिलता रहता है तो मुश्किल काम भी सफल हो जाते हैं

आंध्र प्रदेश में गोदावरी नदी के किनारे एक छोटे से गांव में अरुण मुनि और जयंती देवी नाम के पति-पत्नी रहते थे। इनके बच्चे का नाम था नियमानंद। एक दिन इनके घर एक संत भिक्षा लेने आए। बच्चे की माता ने दान देना चाहा तो संत ने कहा, मुझे तो अन्न की भिक्षा चाहिए, मुझे बहुत भूख लगी है। कुछ फलाहार की व्यवस्था हो जाए तो बहुत अच्छा रहेगा। ध्यान रखना कि हम सूर्यास्त के बाद भोजन नहीं करते हैं। जयंती देवी के घर में खाने की कुछ व्यवस्था नहीं थी तो वे दुखी हो गईं। नियमानंद ने माता को दुखी देखा तो वह फलाहार लेने के लिए घर से बाहर आया। उस बच्चे ने सोचा कि मेरे आने से पहले ही सूर्यास्त हो जाएगा। उस समय बच्चे के पास एक दिव्य चक्र था। बच्चे ने उस चक्र को नीम के एक पेड़ पर इस तरह रख दिया कि सूर्य ढक गया। इसके बाद सूर्यास्त का अंदाजा नहीं लग पा रहा था। बच्चा जल्दी ही फलाहार लेकर अपने घर लौट आया और संत को फलाहार करा दिया। संत ने फलाहार कर लिया तो उस बच्चे ने नीम के पेड़ से वह चक्र हटा लिया। ये देखकर संत बहुत प्रसन्न हुए। ऐसा कहा जाता है कि वे संत के रूप में ब्रह्मा जी ही थे। संत ने बालक से कहा, हमने तुम्हारी परीक्षा ले ली है और तुमने नीम यानी निम्ब के पेड़ पर ये प्रयोग किया है और सूर्य को अर्क भी कहते हैं तो आज से तुम्हारा नाम निम्बार्क होगा।

# गंगा में प्रवाहित न होने पाये गंदे नालों का पानी- डीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति, मानव गुलदार संघर्ष निवारीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि सभी नगर निकायों में यह जांच कराना सुनिश्चित करें कि कोई भी नाला या सीवर का गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित न हो रहा हो। उन्होंने निर्देश दिये कि नदी को स्वच्छ रखने के लिए उनमें शहर के गंदे पानी को जाने से रोकने की कार्रवाई प्रमुखता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें तथा गंगा घाट पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और जर्जर शौचालय की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने तथा चालानों में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ब्लॉक अफजलगढ़ के मच्छमार और इमरतपुर में मृतक पशुओं को खुले में डालने की शिकायत पर पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त ग्रामों के प्रधानों से वार्ता कर मृतक पशुओं को सही प्रकार से डिस्पोज कराना एवं मृतक पशुओं के डिस्पोज के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां गुलदार की घटनाएं हो रही हैं, वहां पर गुलदार से बचाव के लिये जागरूकता कैंप लगाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजनौर डिपो के तीन परिचालक कई माह से लापता, निगम की आय हो रही प्रभावित

## कारण-बताओ नोटिस जारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर रोडवेज डिपो के तीन परिचालक बिना बताये कई माह से ड्यूटी से गायब हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन परिचालकों की लगातार गैरहाज़िरी से बसों के संचालन पर सीधा प्रभाव पड़ा है और कई रूट का समय पर संचालन प्रभावित हुआ है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक बिजनौर डिपो के तीन परिचालक बिना बताए कई माह से ड्यूटी से गायब चल रहे है। जिनके बारे में विभाग को कोई जानकारी नहीं है। रोडवेज कर्मचारियों का कहना है कि महीनों की अनुपस्थिति के बावजूद संबंधित परिचालकों द्वारा न तो कोई सूचना दी गई और न ही कार्यालय में कोई स्पष्टीकरण जमा कराया गया। विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी लापता परिचालकों को कारण-बताओ नोटिस जारी किया है।

परिचालकों के ड्यूटी पर न आने से यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई रूटों पर बसें देरी से चल रही हैं। इससे निगम की आय पर भी असर पड़ रहा है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि बिना पूर्व सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित रहना गंभीर कर्तव्यहीनता है। बिना सूचना के लापता चल रहे परिचालकों को नोटिस जारी किये गये हैं। नोटिस का संतुष्टीकरण जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




# बिजनौर में सदर विधायक ने बनवाया परशुराम स्तुति द्वार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर रेलवे स्टेशन तिराहे से विदुर कुटी जाने वाले मार्ग पर वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट ऐश्वर्य मौसम चौधरी, सदर विधायक बिजनौर के सौजन्य से भगवान परशुराम स्तुति द्वार बनाया गया है। इसके लिये अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा जनपद बिजनौर द्वारा उनका आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा की है कि भविष्य में भी ब्राह्मण समाज के हितों के लिए इसी प्रकार के कार्य होते रहेंगे। मंडल अध्यक्ष एडवोकेट संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, राजेंद्र गौतम, गणेश ठाकुर, महेश शर्मा, आलोक शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# एएसपी सिटी ने पुलिस वाहनों में लगे कैमरों की जांच की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने पुलिस लाइन के परिवहन शाखा का निरीक्षण कर पुलिस वाहनों में लगे कैमरों, फर्स्ट एड किट और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच की। उन्होंने वाहन चालकों और संबंधित स्टाफ को निर्देश दिये कि सभी वाहन दुरूस्त सुरक्षित और नियमों के अनुरूप तैयार रहने चाहिए। एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित मंगलवार परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी सिटी ने परेड की चाल, कदमताल, अभ्यास और ड्रेस अनुशासन को बारीकी से देखा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सुझाव देते हुए कहा कि नियमित अभ्यास ही पुलिस की कार्यकुशलता और तत्परता को मजबूत करता है। परेड निरीक्षण के बाद एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने पुलिस लाइन/आरटीसी मेस और सीपीसी कैंटीन का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की। इस दौरान उनके साथ सीओ पुलिस लाइन व आरआई देवेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने किया बाल कल्याण समिति का भ्रमण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विधि विद्यार्थियों एंव शिक्षकों के एक समूह ने विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बिजनौर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इससे महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने शैक्षिणक भ्रमण हेतु समूह को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन का उपयोग सही एंव गलत दोनों प्रकार के कार्यों को करने में किया जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये कि वे मोबाइल फोन का सदुप्रयोग करें। समिति की सदस्य डॉ. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया एवं विस्तारपूर्वक पोक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी प्रदान की। समिति के सदस्य मौहम्मद मोहसिन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आस पास एवं अपने छोटे भाई-बहनों जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो उनको जागरूक करें और उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यभिचारों एवं बुरी सगतों से बचाएं। इस अवसर पर समिति की अन्य सदस्या सविता शर्मा एवं सुषमा शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि प्रवक्ता डॉ. एम.ए खान, शिव कुमार, विशाल विक्रम सिंह, अभीषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, खुशबू रानी, एवं मीनू कोठारी आदि का विशेष योगदान रहा।

# 30 दिन में समस्याओं का समाधान करो वरना भारतीय किसान यूनियन प्रदर्शन करके देगी धरना

## तहसील परिसर में हुई किसानों की मासिक बैठक



तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए यूनियन के पदाधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** तहसील परिसर धामपुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श हुआ। इसके पश्चात तहसीलदार धामपुर को किसानों की समस्या से संबंधित ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में कहा गया है कि अंश निर्धारण में हुई गड़बड़ियां का दुरूस्तीकरण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पा रहा है। मौजा रानी नांगल की बंद खतौनी नहीं खोली जा रही है इसके अलावा आवारा पशुओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भी जानवर सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। उनको सड़कों पर खेती किसानी से हटाया जाए। गुलदार, जंगली हाथी अन्य जंगली जानवरों द्वारा खेतों में हो रहे नुकसान को रोका जाए। जंगली जानवरों को जंगल में पहुंचने का प्रबंध किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि-ब्लॉक स्योहारा के ग्राम जट नगला में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 10 किलोवाट के एक ट्रांसफार्मर से 20 कनेक्शन दिए जाने से ट्रांसफार्मर ओवरलोड है। 10 किलोवाट की जगह 10 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाए और एलटी केबल लगाकर उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिया जाए व यदि समस्याओं का समाधान 30 दिन में नहीं किया गया तब भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक धरना प्रदर्शन को विवश होगी। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर तेजवीर सिंह, जिला सचिव लोकेंद्र चौधरी, संगठन मंत्री सुरेश राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, तहसील प्रवक्ता अरविंद राजपूत, भानु प्रताप राणा, मोक्ष पाल सिंह, दिनेश प्रधान, सुभाष चौहान, बलवंत सिंह, यशवीर सिंह आदि शामिल रहे।



# तहसीलदार ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा

**धामपुर (चिंगारी)।** तहसीलदार ने अपने सहयोगी राजस्व कर्मियों के साथ नगर पालिका पहुंचकर एसआईआर कार्यक्रम की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका के वार्डों में जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। अधिकतर बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त कर उनके कार्य की सराहना की। तहसीलदार धनराज सिंह के साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, प्रभात चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

## काली पट्टी बांधकर किया कार्य



**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी समन्वयक समिति द्वारा धरना, ऑनलाइन उपस्थिति गैर विभागीय कार्यों के विरोध में मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन में ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समिति काली पट्टी बांधकर सत्याग्रह को सफल बनाने में लगे हैं। सत्याग्रह पर बैठे अधिकारी ने बताया कि आगामी 5 दिसंबर को धरना कार्यक्रम एवं ज्ञापन जनपद के सभी सरकारी ग्रुपों में सभी सचिव अपने डांगल को ब्लॉक पर जमा कर देंगे। सत्याग्रह धरने पर बैठने वालों में हिमांशु चौहान ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी संगठन बिजनौर, मुनेंद्र जिला अध्यक्ष, विवेक राजपूत जिला मंत्री, संजय सिंह जिला महामंत्री, कुलदीप राजपूत ग्राम विकास अधिकारी आदि शामिल रहे।

# धर्म के प्रकाश को, पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली..



**धामपुर (चिंगारी)।** शक्ति नगर कॉलोनी में महेंद्र गोयल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। 'धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली' भजन सबको खूब पसंद आया सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में विजेंद्र गोयल, महंत राहुल अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, महेंद्र गोयल, प्रदीप गोयल, अतुल गोयल, शिल्पी गोयल, नीरज गोयल, वंदना गोयल, अमन गोयल, शिवांगी गोयल, अनुराग गोयल, नेहा, अविनाश, अर्चना, अमित, साक्षी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जगदीश अरोड़ा, मनोज रस्तौगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तौगी, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे।

# हैप्पीनेस प्रोग्राम में हुआ शांति व ऊर्जा का संचार



**धामपुर (चिंगारी)।** बड़ी मंडी स्थित सत्संग भवन में 6 दिवसीय आर्ट ऑफ़ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन 25 नवंबर से 30 नवंबर तक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन और उनकी शिक्षाओं के अनुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिसने प्रतिभागियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में योगदान दिया। इस कार्यक्रम में शिखा गोयल, मयंक गोयल, दीपक अग्रवाल, कृष्ण प्रताप, आराधना, भव्य छाबड़ा, अदिति अग्रवाल और अनुष्का सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिक्षक के रूप में सचिन (अलीगढ़) और सौरभ अग्रवाल मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम का आयोजन लवी अग्रवाल द्वारा किया गया। मधुश्री गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। प्रतिभागियों ने बताया कि गुरुदेव की शिक्षाओं ने उन्हें आंतरिक शांति, ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करने में मदद की। इस प्रकार यह 6 दिवसीय कार्यक्रम आनंद, स्वास्थ्य और समृद्धि का अनुभव प्रदान करने में सफल रहा।

# राजस्व पेंशनर्स ने किया आठवें वेतन आयोग का विरोध

## पीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया




**धामपुर (चिंगारी)।** राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा भारत सरकार द्वारा गठित आठवें वेतन आयोग 2025 के विरोध स्वरूप ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को दिया गया। जिसमें मांग की गई कि पेंशनर के प्रतिनिधिमंडल को आयोग की सभी चर्चाओं में शामिल किया जाए। पेंशन कोष को सुरक्षित रखा जाए। फाइनेंस बिल 2025 की पेंशन से संबंधित विवादित धारा समाप्त की जाएं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 17 दिसंबर 1983 के अनुसार पेंशनर को समान अधिकार का लाभ प्रदान किया जाए। पेंशन कम्यूटेशन अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष की जाए आदि मांगें रखी गईं। ज्ञापन देने वालों में मदनपाल सिंह, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, रशीद अहमद, मुनेश चंद शर्मा, श्यामलाल, लोकेंद्र चौहान आदि शामिल रहे। राजस्व पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट पर इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और उसके बाद ज्ञापन दिया गया।

# प्राथमिकता के आधार पर किया जाए निवेशकों व उद्यमियों की शिकायतों का निस्तारण : डीएम

## बिजनौर में ओवर ब्रिज के निर्माण में आ रही समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि नगीना स्थित बिजनौर-कोतवाली मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में आने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अलग से बैठक का आयोजन करें ताकि उक्त कार्य में आने वाले अवरोध को दूर किया जा सके। उन्होंने ग्राम विकास विकास, नगर विकास




विकास, पंचायत राज, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग सहित अन्य कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण में फ्लाई ऐश ब्रिक/टाइल/ब्लॉक का उपयोग करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक निखिल कुमार सहित जीएसटी, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद रहे।

# दूसरों के हित में कार्य करना ही वास्तविक धर्म- स्वामी सच्चिदानंद

**हल्दौर ( चिंगारी )**। नगर के मोहल्ला रईसान में आयोजित आर्य सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। चार दिवसीय यह कार्यक्रम सुबह यजुर्वेद हवन तथा भजन-उपदेश के साथ आरंभ हो रहा है। प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 बजे तक तथा सायं 3 से 6 बजे तक विभिन्न आध्यात्मिक सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।




मंगलवार को आयोजित प्रवचन में वैदिक प्रवक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि दूसरों के हित में कार्य करना ही वास्तविक धर्म है। मनुष्य इस संसार से कुछ भी साथ नहीं ले जाता, केवल अपने शुभ-अशुभ कर्म ही उसके साथ चलते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन क्षणभंगुर है, इसलिए एक-दूसरे की निंदा न करें, न ही किसी का अहित सोचें। पवित्र आचरण रखते हुए श्रेष्ठ विचारों को अपनाना चाहिए, क्योंकि भविष्य किसी के वश में नहीं है।

कार्यक्रम में पंजाब से पधारे भजन-उपदेशक दिनेश पथिक, गुरुकुल पौंधा देहरादून के देवव्रत आर्य व योगीराज आर्य सहित कई विशिष्ट वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। आयोजन में सहयोगी के रूप में कृष्णा देवी, दिनेश चौहान, कौशल सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज, मास्टर महेंद्र सिंह, अशोक शास्त्री फीना, पंडित जितेंद्र सिंह, राजीव चौहान, पीतांबर सिंह, नूतन चौहान, नीतू रानी, सुशीला देवी, प्रेमवती, निर्देश चौहान, ज्योति, रेखा चौहान आदि की विशेष उपस्थिति रही।

# मौलाना सलमान के दूसरी बार जमीअत का नायब सदर बनने पर हर्ष

**सहसपुर ( चिंगारी )**। कस्बा सहसपुर निवासी मौलाना सलमान साहब बिजनौरी उस्ताद दारुल उलूम देवबंद को लगातार दूसरी बार जमीयत उलेमा-हिन्द का नायब सदर बनने पर सहसपुर नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। हज़रत मौलाना को ये पद मिलने पर सहसपुर का ही नहीं, बल्कि पूरे बिजनौर का सर फख्र से ऊंचा किया है मौलाना सलमान साहब सहसपुर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद सईद के छोटे बेटे हैं, जो बहुत वर्षों से विश्व प्रसिद्ध मदरसा दारुल उलूम देवबंद में छात्रों को शिक्षा दे रहे हैं। उनकी इस मेहनत का इनाम उनको जमीयत उलेमा हिन्द ने लगातार दोबारा नायब सदर बनाकर दिया। सहसपुर नगर वासियों ने जमीयत के इस फैसले को एक ऐतिहासिक फैसला बताया। बड़े भाई मौलाना सुफियान साहब ने कहा कि जमीयत का ये फैसला ऐतिहासिक फैसला है, जिसके लिये वो जमीयत के ज़िम्मेदारों को तहेदिल से शुक्रिया करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार और मौलाना के बहुत करीबी शकील अहमद,मौलाना आबिद ने कहा कि मौलाना को दोबारा इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी



देना मौलाना की मेहनत का नतीजा हैं जिसके लाभ जमीयत उलेमा को बहुत अधिक होंगे गौरतलब है कि मौलाना सलमान साहब सहसपुर, ज़िला बिजनौर के मूल निवासी हैं।

# हल्दौर डिग्री कालेज की दीपिका सिंह ने वेटलिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक

**हल्दौर ( चिंगारी )**। हल्दौर डिग्री कॉलेज की बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दीपिका सिंह पुत्री श्री संजीव कुमार ने वेटलिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता केदारनाथ गिरधारी लाल खत्री पीजी कॉलेज, मुरादाबाद में 29 नवम्बर को आयोजित की गई थी, जिसमें दीपिका सिंह ने 72 किलोग्राम कैटेगिरी में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि महाविद्यालय और क्षेत्र का भी गौरव बढ़ा है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब दीपिका महाविद्यालय पहुंचीं तो प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार एवं रूबी शर्मा ने संयुक्त रूप से उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। महाविद्यालय प्रशासन ने दीपिका की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी इस सफलता से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का उत्साह बढ़ेगा।



# गर्भस्थ शिशु की मौत : डा. अनिता राठौर की ज़मानत अर्ज़ी ख़ारिज़

**बिजनौर ( चिंगारी )**। विशेष सत्र न्यायाधीश (ई सी एक्ट) श्री सुबोध सिंह ने फर्जी डिग्रीधारी डॉ. अनीता राठौर की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। किरतपुर थानांतर्गत निवासी खुशनसीब की पत्नी रिहाना 7 माह की गर्भवती थी। 21 मई 2024 को रिहाना की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे कार्तिकेय हॉस्पिटल किरतपुर लेकर आये। इस हॉस्पिटल में 'डॉ. अनीता राठौर' ने अनीता चौधरी के नाम से नेम प्लेट लगा रखी थी। डॉ. अनीता राठौर ने उसकी पत्नी को दवा दी और अल्ट्रासाउंड करवाया और बोतल भी चढ़वाई। बार-बार डॉ. अनीता राठौर कहती रही कि डरने की बात नहीं है। तबीयत ठीक न होने पर खुशनसीब ने अपनी पत्नी रिहाना को बिजनौर में एक हॉस्पिटल में दिखाया। वहां महिला चिकित्सक ने जांच करके बताया कि बच्चा 24 घंटे पहले मर चुका है। खुशनसीब ने रिपोर्ट में लिखवाया कि डॉ. अनीता राठौर की लापरवाही से बच्चे की मृत्यु हुई है। न्यायालय के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश सुबोध सिंह ने जमानत का उचित आधार न पाकर डॉ. अनीता राठौर की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। खुशनसीब की तरफ से पैरवी संजय सिंह एडवोकेट ने की।

# लापता छात्रा के परिवार से मिलीं अवनी सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )**। 17 दिन पहले लापता हुई छात्राओं का मामला गर्माता जा रहा है। जहां पुलिस छात्राओं को बरामद करने के लिए रात-दिन एक किए हुए है। वहीं राज्य महिला आयोग भी छात्राओं की सकुशल बरामदगी के लिए गंभीर हो गया है। मंगलवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ग्राम झलरी में लापता छात्रा के परिजनों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने परिवार को धैर्य बंधाया और भरोसा दिलाया कि छात्रा की बरामदगी को लेकर लगातार उच्च अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। आयोग सदस्य अवनी सिंह ने मौके पर ही लखनऊ स्थित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता चौहान से फोन पर बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी दी। आयोग अध्यक्ष ने भी बच्ची की शीघ्र बरामदगी के लिये संबंधित उच्चाधिकारियों से बात कर आवश्यक निर्देश दिलवाने का भरोसा दिया। परिजनों से मुलाकात के दौरान महिला आयोग की सदस्य के साथ गांव के लोगों के साथ शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, शिवसेना प्रदेश उपप्रमुख नरेश शर्मा, आकाश बजरंगी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मांग हुई पूरी, नगीना-नहटौर मार्ग को चौड़ीकरण को मिली मंजूरी

नगीना (चिंगारी)। खराब पड़े नगीना – नहटौर मार्ग के चौड़ीकरण प्रस्ताव को शासन ने स्वीकार करते हुए हरी झंडी दे दी है।इस सड़क के चौड़ी होने से न केवल नगीना–नहटौर के बीच की दूरी लोगो के लिए आसान होगी बल्कि कारोबार को भी नए पंख लगेंगे।इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग स्थानीय लोग दशकों से करते आ रहे थे।अब 35 करोड रुपये की लागत से नई सड़क बनने का लोगो का सपना साकार होगा।

नगीना से ग्राम भूरापुर होते हुए नहटौर जाने का करीब 13 किलोमीटर लंबा मार्ग दशकों से जर्जर पड़ा है।इस बदहाल मार्ग की सुध विभाग ने उस समय ली जब भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक जताने खुद सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राम हुर्रनंगला पहुंचे थे। हैलीपेड स्थल से घर जाने तक मुख्यमंत्री ने जब कार से सफर किया था तब उन्होंने नगीना–नहटौर मार्ग की बदहाली को खुद अपनी



आंखों से देख लिया था।हालांकि पीडब्ल्यूडी ने मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सड़क पर हो रहे गड्ढों पर थेकली लगाकर सड़क को अच्छा दिखाने का रात भर प्रयास किया था लेकिन उनकी कोशिश कामयाब नहीं हो पाई थी। हालांकि वहां मौजूद कुछ नेताओं ने भी मुख्यमंत्री से सड़क की बदहाली का मुद्दा रखा था। तभी से उम्मीद लगाई जाने लगी थी कि अब इस सड़क की किस्मत बदलने वाली है।इसके बाद मुख्यमंत्री का मात्र इशारा भर मिलते ही पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में आया और उसने नई सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया था।

## 35 करोड़ की लागत से बनेगी 7 मीटर चौड़ी सड़क

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र शाश्वत ने बताया कि नगीना – नहटौर 12.750 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को जुलाई माह में भेजा गया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मौजूद 3.50 मीटर सड़क को करीब 35 करोड रुपये की लागत से सात मीटर तक बढ़ाकर करने के प्रस्ताव को शासन से अनुमति मिल गई है। उन्होंने बताया कि जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा

## पुरैनी से कोतवाली मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी भेजा

अधिशासी अभियंता शैलेंद्र शाश्वत ने बताया कि शासन को नेशनल हाईवे 734 पर मौजूद ग्राम पुरैनी से ग्रामीण मार्ग से होते हुए कोतवाली देहात को जाने वाली 14.15 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी भेजा गया था। उन्होंने बताया कि यह मार्ग दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगा। ग्राम पुरैनी, सैदपुरी, हुर्रनंगला, नैनपुरा,नरैनी होते हुए कोतवाली देहात– बिजनौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिल जाएगा। बताया कि 35 करोड रुपये की लागत से होने वाले इस मार्ग के चौड़ीकरण के प्रस्ताव को भी शासन से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई 3.75 मीटर है, जो बढ़कर 5.50 मीटर हो जाएगी।

## फुटबाल टूर्नामेंट के पांचवे दिन देहरादून ने रामपुर को हराया



नगीना (चिंगारी)। ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवे दिन देहरादून की टीम ने रामपुर की टीम को 4-1 के स्कोर से पराजित किया। मंगलवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित मैदान पर याद–ए–खलील नाम से आयोजित हो रहे ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें दिन देहरादून व रामपुर टांडा के बीच मुकाबला हुआ। मुकाबले में देहरादून ने रामपुर टांडा को 4–1से पराजित कर मैच जीत लिया।मैच में रेफरी सुभाष कपूर उर्फ़ पप्पी, लाइनमैन आरिफ मुल्तानी, गोहर निसार व कमैंन्ट्रेटर आज़म मुल्तानी व इरफ़ान अंसारी रहे। इस मोके पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल,ज़ाहिद अंसारी,शेख़ नौशाद अप्पा, लाला विनोद अग्रवाल,कुंवर अमरजीत, अज़ीम मुल्तानी, सय्यद ज़ुबैर ज़ैदी, सैयद आसिफ अली, शेख जमशेद आदि मौजूद रहे।

## नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे पर प्रार्थना सभा का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )**। द हेजलमून स्कूल में नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमेरल्ड हाउस की छात्राओं रूहानी मलिक, दिविशा गुप्ता, तानिया पाल, रिया पाल, सिमर कौर तथा दृष्टि शर्मा ने प्रदूषण नियंत्रण के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने का संकल्प लिया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रदूषण रोकना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को छोटे–छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की नींव है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रतिज्ञा ली।




## आकांक्षा चौहान ने किया खेल स्पर्धा का शुभारंभ



खेल सत्र का उद्घाटन करती आकांक्षा चौहान।

**नूरपुर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान ने फीता काटकर किया।

नहटौर रोड स्थित रुट्स स्कूल के खेल मैदान में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान ने 200मीटर रेस जूनियर बालिका वर्ग को हरी झंडी दिखाकर किया। इसमें सुहानी ने प्रथम, नीरज ने द्वितीय, निहारिका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर सब जूनियर में अंजलि ने प्रथम, टिंकल ने द्वितीय, निहारिका ने तृतीय, 400मीटर जूनियर वर्ग में पलक ने प्रथम, सुहानी ने द्वितीय, टीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500मीटर बालक सीनियर वर्ग में आशीष ने प्रथम, भानू प्रताप सिंह ने द्वितीय, तुषार ने तृतीय, 800मीटर सब जूनियर में केशव प्रथम, अमन अहमद द्वितीय, रितिक तृतीय स्थान पर रहा।उदघाटन सत्र में खण्ड विकास अधिकारी डॉ दिनेश पाल शर्मा, राशू चौहान, रुट्स स्कूल के चेयरमैन आदित्य गुप्ता, प्रधानाचार्य अमित चौधरी, डायरेक्टर दिनेश त्यागी, मौजूद रहे। संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया। खेल आयोजन में बीओ अंकुर वालियान, बीओ सचिन कुमारी, अनुराग त्यागी, प्रदीप कुमार, नागेंद्र कुमार, आदि का सहयोग रहा। समापन सत्र में आज शेष सभी खेल होंगे तथा स्थान प्राप्त विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।

## नूरपुर में स्टेडियम बनवाने की मांग

**नूरपूर ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव झीरन निवासी राष्ट्रीय लोक दल नेता हर्ष चौधरी ने नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को भेजें पत्र में क्षेत्र के युवाओं को खेल की तैयारी के लिए नूरपूर कस्बे में एक स्टेडियम बनाए जाने की मांग की, उन्होंने कहा कि युवाओं में अपार क्षमता है लेकिन सही मार्गदर्शन व सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रतिभा धूमिल हो रही है। उन्होंने इस मांग को संसद में उठाने तथा युवाओं के लिए स्टेडियम निर्माण के आवाज को बुलंद कर सहयोग की मांग रखी।**

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा....

### अक्षय अग्रवाल संग शिवांगी गोयल

**बिजनौर ( चिंगारी )**। शहनाई बैंकट हॉल बिजनौर में आयोजित एक भव्य समारोह में नगर पालिका सभासद श्रीमती वंदना अग्रवाल व राजकुमार अग्रवाल, संचालक शहनाई बैंकट हॉल बिजनौर, के सुपुत्र अक्षय अग्रवाल का विवाह मंडी धनौरा निवासी श्रीमती संगीता व श्री मुकेश गोयल की सुपुत्री शिवांगी गोयल के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ द्य वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए अनेक राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारी, अधिवक्ता व पत्रकारगण आदि विवाह समारोह में पहुंचे। चिंगारी परिवार नवदंपति के सुखमय जीवन की कामना करता है।



# किसानों से 8 दिसम्बर को बिजनौर महापंचायत में चलने का आह्वान

नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील के ग्राम राजारामपुर में भाकियू प्रधान की बैठक में ग्रामवासियों ने भाकियू पदाधिकारियों का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। बैठक में 8 दिसंबर को बिजनौर में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पंचायत में बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया। बताया गया कि आने वाली महापंचायत में कई लोगों को संगठन की अहम जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। इस मौके पर नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मौ. आमिल अंसारी, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, जिला सचिव प्रमोद कुमार, बब्बू, मोहम्मद जिया, मोहम्मद शरीफ, खुर्शीद अहमद, भोपाल सिंह, महबूब अली सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मीटिंग में शामिल भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता।

# श्रीकृष्ण व अर्जुन के महाभारत संवाद का सुन्दर वर्णन प्रस्तुत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में गीता जयन्ती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप प्रधानाचार्य संजय सिंह नें माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद उप प्रधानाचार्य एवं आचार्य बन्धुओं नें श्रीकृष्ण एवं अर्जुन के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। आचार्या रजनी टाँक ने गीता जयन्ती के विषय में भैया-बहिनों को बताया। नवम् (अ) के भैया वंश ने श्रीकृष्ण एवं अर्जुन के महाभारत संवाद का सुन्दर वर्णन प्रस्तुत किया। आचार्या फूलमाला वर्मा ने गीता उपदेश के विषय में भैया-बहिनों को बताया। भैया अंश, अक्ष, आशुतोष, दिव्यांश ने एक सुन्दर सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। उप प्रधानाचार्य संजय सिंह ने श्रीमद् भागवत गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन को दिये गये उपदेशों का वर्णन भैया-बहिनों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर आचार्य पंकज शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, गौरव कुमार, संजय शर्मा, अनन्त कुमार, घनश्याम सिंह, विवेक प्रताप, सोनू कुमार, संजीव कुमार, आचार्या पूनम रानी, मनु, अर्चना एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# चेयरमैन ने पूरनपुर गढ़ी के ग्रामीणों से रोड बनवाने का वादा किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम पुरनपुर गढ़ी में गांव के जिम्मेदार लोगों सरफराज मंसूरी व जुल्फुकार मंसूरी ने एक मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में नजीबाबाद नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के समक्ष ग्रामीणों ने अपने गांव की समस्या रखते हुए गढ़ी को जोड़ने वाले मेन रोड का निर्माण कराने की मांग रखी। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने पूरनपुर गढ़ी के ग्रामीणों से सांसद चंद्रशेखर से रोड बनवाने का वायदा किया। इस पर लोगों में खुशी जताई। इस मीटिंग में मुख्तार, कुलदीप, अहसान, शहजाद, मो फिरोज, फुरकान, मौसम अली, शराफत, अनीस, अजमल, मंसूर, सुनील, इरशाद, अय्यूब, अब्दुल समद, मौ. फुरकान, राजीव, रिजवान, हरी कुमार, नरेंद्र, साजिद, गौरव आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने समस्याओं के हल को गन्ना प्रबंधक को ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारिकेश शुगर मिल बुंदकी के गन्ना प्रबंधक यशपाल सिंह व अनिल कुमार चौहान से मिला, जिसमें किसानों की अनेक समस्याओं से अवगत कराया गया। मिल गेट पर पुरानी तौल व्यवस्था चालू कराने, स्पेशल पर्ची की डेट बढ़ाई जाने सहित अनेक मांगें रखी गई। सभी समस्याओं का जल्दी से जल्दी समाधान करने की अपील की गई। किसानों की समस्याओं का समाधान ना होने पर किसान आंदोलन करने पर विवश होंगे। ज्ञापन देने वाले किसानों के प्रतिनिधिमंडल में मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह, अनिल चौहान, बिजेंद्र सिंह, महासचिव राम भजन सिंह, जिला प्रचार मंत्री पुखराज सिंह, राजपाल सिंह, वीरेंद्र मुखिया, इमरान, राजपाल आदि मौजूद रहे।



## फिल्म कलाकार धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा रमेशनगर में सुमन वर्मा के आवास पर सभा में फिल्मी अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि भारतीय फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र एक अच्छे कलाकार के साथ बीकानेर के सांसद रहे है। वह हिंदी फिल्मों में अपने अलग अंदाज के कामों के लिए जाने जाते थे। राजनीति में भी उनकी एक अलग पहचान रही है। महिलाओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं कृष्णकांता गोयल के संचालन में सभा में सुशीला गुप्ता, मंजू शर्मा व नलिनी आदि मौजूद रही।

# तंजीम पयामे हक़ ने मरहूमों के लिए दुआएं मग़फ़िरत कराई

नजीबाबाद (चिंगारी)। तंजीम पयामे हक नजीबाबाद की एक शोक सभा का आयोजन इस्लामी फंड के मैनेजर नफीस अहमद खान के निवास पर किया गया, जिसमें मुस्लिम फंड नजीबाबाद के अध्यक्ष तथा अल नजीब मिल्लि म्युचुअल बेनिफिट्स निधि लिमिटेड कंपनी के सीईओ काजी इजफारुल हक जकी, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की माता तथा वाहिदनगर निवासी समाजसेवी इंजीनियर अब्दुल रहमान उर्फ छुन्नू खान के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। डॉक्टर वसीम बारी ने स्वर्गीय काजी इजफारुल हक जकी द्वारा की गई समाज सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मौत बरहक है, लेकिन काजी जकी जैसा समाजसेवी का इस दुनिया से चले जाने से उन जैसा समाजसेवी मिलना मुश्किल ही नहीं बल्कि असंभव है। तंजीम पयाम हक के अध्यक्ष अलहाज हाफिज शमीम अहमद की अध्यक्षता एवं महासचिव डॉ. इबादुर्रहमान के संचालन में शोकसभा में डॉ इबादुर्रहमान ने मरहूमों के लिए दुआए मगफिरत कराई। इस अवसर पर इकबाल अंसारी, डॉ. मजहर आलम, पूर्व प्रिंसीपल अब्दुल सत्तार, महमूद सैफी, नफीस खान, इंजीनियर सलमान, शमशुद्दीन सैफी, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद आदिल, महबूब आलम अंसारी, आरिफ एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



फोटो परिचय-मरहूमों की मगफिरत के लिए दुआ करते तंजीम के सदस्य।

# दूल्हा 45 का, दुल्हन 15 की

## इमाम साहब ने निकाह पढ़ाने किया इन्कार

**बिजनौर (चिंगारी)। दूल्हा-दौल्हन की उम्र में ज़मीन आसमान का फ़र्क़ देख इमाम साहब ने निकाह पढ़ाने से इंकार कर दिया, जिसपर बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। यहां मोहल्ला बख्शीवाला में स्योहारा से एक बारात आई थी। बारात में केवल 25 लोग थे। बारातियों की कम संख्या देख लोगों का माथा ठनका और वे काना फूसी करने लगे। इस बीच बारात में शामिल एक व्यक्ति निकाह की जल्दी करने लगा। घरातियों का कहना था कि पहले बारात खाना तो खाले। खाने के बाद निकाह करा दिया जायेगा लेकिन उक्त बाराती लगातार पहले निकाह करने की जिद पर अडा हुआ था। लोगों को शक मज़बूत होने लगा। वे छानबीन करने लगे। इस बीच बारात को खाना खिला दिया गया। निकाह पढ़ाने के लिए इमाम साहब भी पहुंच गये थे। उन्होंने निकाह की लिखा पढ़ी के दौरान दूल्हे पर नज़र डाली तो उन्हे उसकी उम्र क़रीब 45 साल लगी। उन्होंने दुल्हन का आधार कार्ड मंगवाया तो उसमें दुल्हन की उम्र सिर्फ 15 साल दर्ज थी। उम्र देख कर इमाम साहब ने निकाह पढ़ाने से इंकार कर दिया। इस बीच लोगों को यह भी पता चल गया कि दूल्हा पहले भी दो शादियां कर चुका है। दोनो शादियां सफल न होने पर अब वह तीसरी शादी कर रहा था। लोगों के बीच काफी देर तक हुई बात चीत के बाद बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई।**

# उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री धामी का घेराव करेगी किसान यूनियन



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि उत्तराखंड सरकार किसानों की समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। समस्या के समाधान हेतु आगामी 13 दिसंबर को उत्तराखंड मुख्यमंत्री कार्यालय का भारतीय किसान यूनियन तोमर घेराव करेगी। वह मंगलवार को नहटौर-झालू मार्ग स्थित डॉ. सचिन गुप्ता के आवास पर जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहां का किसान कृषि पर निर्भर है। कृषि के माध्यम से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। वर्तमान में उत्तराखंड मुख्यमंत्री वहां के किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है, जिसके कारण वहां का किसान अपनी समस्याओं से मजबूर होकर पलायन करने के लिए मजबूर है। इस समस्या के समाधान हेतु भारतीय किसान यूनियन तोमर आगामी 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को वहां के किसानों को गन्ने का मूल्य 500 व 10000 पेंशन, खेत से मंडी तक उत्पादन होने वाली फसल का खर्च सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जायगा। उन्होंने कहा कि आज तक सरकारें देश व प्रदेश की किसानों को अपने वोट के लिए इस्तेमाल करती हैं। चुनाव से पूर्व लंबी-लंबी घोषणाएं करके सब्जबाग दिखाकर अपना उल्लू सीधा करने का कार्य कर रही है। वर्तमान में भारतीय किसान यूनियन तोमर इस पॉलिसी को नहीं चलने देगा। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष अमरकांत शर्मा,पवन त्यागी, सुशील शर्मा, नीलम गुप्ता, सोनी शर्मा, अनुज शर्मा, पंकज शर्मा, सुंदर सैनी, तनुज शर्मा, जावेद आलम आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने किया।

# सनी व बॉबी देओल ने गोपनीय ढंग से की पापा धर्मेन्द्र की अस्थियां विसर्जित



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** फिल्म अभिनेता सनी देओल व बॉबी देओल ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपने दिवंगत पिता मशहूर फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियां आज बहुत गोपनीय ढंग से गंगा में विसर्जित कीं। अभिनेता धर्मेन्द्र का गत दिनों मुम्बई में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार भी आनन-फानन में किया गया था। धर्मेन्द्र की अस्थियां लेकर उनका परिवार मंगलवार को हरिद्वार पहुंचा। सभी परिजन पीलीभीत हाउस में रुके। अस्थि विसर्जन का पूरा कार्यक्रम बेहद गोपनीय रखा गया। मीडिया को भी कार्यक्रम से दूर रखने की व्यवस्था की गई थी। कल से ही अस्थि प्रवाह को लेकर तीर्थनगरी में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। कभी विसर्जन हर की पैड़ी पर तो कभी वीआईपी घाट पर होने की चर्चाएं पूरे दिन रहीं। परिवार की ओर से आधिकारिक रूप से कोई जानकारी साझा नहीं की गई। प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। बताया जाता है कि परिजनों ने बिना किसी दिखावे के चुपचाप धर्मेन्द्र की अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं।

# शब्द वाणी के साथ, सात दिवसीय जम्भवाणी कथा समाप्त



**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के विश्नोई मंदिर में सात दिवसीय जम्भ वाणी हरि कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। मंगलवार को कथा का समापन शब्द वाणी यज्ञ के साथ हुआ जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। राजस्थान के जिला बीकानेर के समराथल धोरा से आए कथा वाचक स्वामी रामेश्वरानंद सहित अन्य संतों ने शब्दवाणी यज्ञ कर कथा का समापन किया। यज्ञ के बाद कलश स्थापना हुई और पवित्र पाहल बना जिसे विश्नोई समाज ने ग्रहण कर गुरू महाराज के बताए नियमों पर चलने का संकल्प लिया और समाज मे नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर युवाओ को शिक्षा की ओर जागरूक करने का वादा किया। कथा वाचक स्वामी रामेश्वरानंद ने सभी का आभार प्रकट किया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान कथा वाचक स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज, कथावाचक आचार्य स्वामी सत्यदेवानंद, स्वामी नरेशानंद महाराज, स्वामी शरणानंद, स्वामी राजू राम,स्वामी शिवानंद,नरेंद्र सिंह विश्नोई, चंद कुमार विश्नोई,निशांत विश्नोई, विनोद विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# रामा एफ एम की टीम ने शाहपुर की महिलाओं को जागरूक किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट एन.जी.ओ.के मार्गदर्शन में चल रहे 'सेहत सही, लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत रामा एफ.एम. 90.0 की टीम ने ग्राम शाहपुर सुक्खा में महिलाओं से मुलाकात की। इस दौरान टीम ने परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ भविष्य से जुड़े बिंदुओं पर सहज और उपयोगी जानकारी साझा की। गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से पोषण, नियमित जांच और प्रसवपूर्व सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। एफ.एम. कॉर्डिनेटर नीलम वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाना, उन्हें सही निर्णय लेने के लिये प्रेरित करना और उनके परिवार की खुशहाल भविष्य की नींव मजबूत करना है।

# बीएलओ श्रीमती शोभा रानी की आकस्मिक मौत पर दुख जताया

**बिजनौर (चिंगारी)।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ (उत्तर प्रदेश) बिजनौर ने धामपुर के मोहल्ला बाड़वान निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती शोभा रानी (56 वर्ष) का बीमारी के चलते देहांत हो जाने पर शोक व्यक्त किया। संघ की जिला अध्यक्ष वेत्रलता शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' ने आंगनबाड़ी शोभा रानी की आत्मा की शांति व परिजनों के लिए इस दुखद घड़ी में साहस व धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। जिला अध्यक्ष वेत्रलता शर्मा ने बताया कि शोभा रानी शुगर की बीमारी से तो पीड़ित थी ही, साथ ही एसआईआर अभियान में बीएलओ की ड्यूटी करते समय उनकी तबीयत और बिगड़ गई, जिससे इलाज के दौरान मुरादाबाद अस्पताल में उन्हें हृदयाघात आ जाने से उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से शोभा रानी के परिवार के लिए विशेष सहायता की मांग की है। बार एसोसिएशन धामपुर ने भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री (बीएलओ) श्रीमती शोभा रानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट की अध्यक्षता और सचिव देवेंद्र कुमार एडवोकेट के संचालन में आयोजित शोकसभा में शोभा रानी की आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान उनके पति व संगठन के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता कृपाल सिंह अधिवक्ता को ढांढस बंधाते हुए परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति के लिये भी प्रार्थना की गई।

# चुराई गई मोटरसाइकिल के साथ 6 अभियुक्त आये पुलिस के हाथ



**किरतपुर ( चिंगारी )।** तीन माह पूर्व कुंबल लगाकर चोरी की गई बाइक को कल पुलिस ने बाइक के साथ 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इन अभियुक्तों ने कई और चोरी करना भी कबूल किया। थाना प्रभारी पुष्पा देवी व कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि 23/8/25 को मौजपुर गांव में स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा में अज्ञात चोरों ने दीवार में जंगला काटकर बैंक में खड़ी बाइक चुरा ली थी। पुलिस ने कल शिव व आकाश और मोनू उर्फ अजय थाना कोतवाली शहर, राहुल ग्राम मंडावली थाना कोतवाली शहर तथा सूरज थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर के साथ एक बाल अपचारी को पकड़ा। उनके पास से बैंक से चुराई गई बाइक कटे हुए पार्ट्स के रूप में मिली और सूरज के पास एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस मिला। अभियुक्तों ने कुछ दिन पूर्व बालाबाली के शराब ठेके में चोरी करना, गांव सैदपुरी के घर से सरिया चोरी करना, ग्राम मोचीपुरा के पास सड़क पर खड़े ट्रक में से डीजल व बैटरी चोरी करना भी कबूल किया और बैंक से चोरी बाइक को काटकर सामान ढोने वाली ठेली बना ली थी। पुलिस ने ठेली बरामद कर ली। पुलिस ने 14600 रुपये व बाइक का कटा सामान भी बरामद किये है।

# श्री महंत इंदिरेश अस्पताल की ओर से लगाया गया कैंसर जागरूकता शिविर

## 1226 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से मंगलवार को श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1226 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर का आरंभ मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, विशिष्ट अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, देहरादून की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में अस्पताल की ओर से कोटद्वार में कैंप आयोजित कर क्षेत्रवासियों को कैंसर पर जानकारी देने के साथ ही आमजन के लिए स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है। तत्पश्चात अस्पताल के कैंसर डाक्टर शहनवाज ने कहा कि कैंसर के प्रति समाज के हर वर्ग में जागरूकता बेहद जरूरी है। कैंसर से डरना नहीं बल्कि लड़ना है। उन्होंने देश के कई राज्यों सहित उत्तराखण्ड में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जाहिर की। कहा कि जागरूकता ही कैंसर से सबसे पहला बचाव है। मौके पर उन्होंने कैंसर के लक्षण, उपचार संबंधी आधुनिक तकनीकों एवं रोकथाम से जुड़ी जानकारियां साझा की। वहीं स्वास्थ्य शिविर में डॉ. नितिन बेडवाल, डॉ. आकांक्षा अग्रवाल, डॉ. प्रांजलि जोशी, डॉ. उत्कर्ष रावत, डॉ. दीक्षा रमोला, डॉ. शिप्रा चौहान, डॉ. हर्षित गुप्ता, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. अभिषेक, डॉ. नीतू गर्ग, डॉ. अंकित सिंह ने रोगियों को विभिन्न बीमारियों से सम्बंधित चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर को सफल बनाने में निदेशक श्री गुरु राम राय कॉलिज धीरेन्द्र मोहन रतूड़ी, प्रधानाचार्य, दिनेश नेगी, विभाकर डबराल, डॉ. गिरीश उनियाल सहित अन्य लोगों ने भी सहयोग दिया।



स्वास्थ्य शिविर का आरंभ करती प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष व मेयर।

## जिला राजकीय शिक्षक संघ के दो दिवसीय अधिवेशन का आयोजन

### पहले दिन शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ की ज़िला पौड़ी कार्यकारिणी के जनता इंटरमीडिएट कॉलेज मोटाढ़ाक में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन के प्रथम दिन शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उदघाटन मुख्य अतिथि मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त ज़िला शिक्षा अधिकारी सुदर्शन बिष्ट व ज़िला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी व प्रधानाचार्य डॉ महावीर सिंह बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उदबोधन में मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक व सड़क एक जैसे होते है खुद तो वहीं पर रहते है लेकिन अपने विद्यार्थियों को सफलता की मंजिल तक पहुंचा देते है। ज़िला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह ने शिक्षकों से नवाचारी शिक्षा पर जोर देने का आह्वान किया। शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में नई शिक्षा नीति, सरकारी स्कूलो में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व नवाचारी व बुनियादी शिक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही पूर्व ज़िला मंत्री मनमोहन चौहान द्वारा शिक्षक संगठन की भूमिका व प्रयोजन के बारे में बताया। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री रमेश पैन्यूली, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल, मंडल मंत्री हेमंत पैन्यूली, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, ज़िला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट, ज़िला संरक्षक जयदीप रावत, वरदान बुडाकोटी, भवान सिंह, राजीव थपलियाल, दीपक गौड़, पूरण नेगी, किशोर बिडालिया, दीपक गौड़, योगेश घिल्डियाल, अवनीश नेगी, सुभाष बिष्ट व मुकेश रावत सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## नंदा गौरा के लिए आवेदन करें अब 20 दिसंबर तक

**नैनीताल ( चिंगारी )।** नंदा गौरा योजना के लिए अब 20 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के निर्देशों के क्रम में विभाग ने आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाने का फैसला किया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि पहले इस योजना के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 नवंबर तय की गई थी। कन्या जन्म के आधार पर योजना का लाभ लेने और 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद इस योजना के तहत सहायता प्राप्त करने के लिए अभी तक 30000 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि जन मिलन कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश में कई जगह लोगों ने बताया कि पात्र होने की बावजूद विभिन्न वजहों से अभी तक इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। ऐसे लोगों को अवसर देने के लिए योजना के आवेदन की तारीख को 20 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में 21 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सुधार का अवसर दिया जाएगा लेकिन इसके बाद यह तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इसलिए सभी अभ्यर्थियों को समय सीमा के अंदर आवेदन करना होगा।



कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या

## मोटर नगर में अभी खोदा गया एक ही गड्ढा जाने कब बनेगा यहां आधुनिक बस अड्डा

### नागरिक विचार मंच ने जताया रोष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शहर की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं होने पर ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए सरकार व प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस संबंध में मंगलवार को देवी रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि शहर में सबसे बड़ी समस्या अतिक्रमण की है। इस कारण पूरे दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। बैठक में लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की भी मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को मार्ग निर्माण के लिए न्यायालय में पुख्ता पैरवी करनी चाहिए। सदस्यों ने दशकों बाद भी मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डे का निर्माण नहीं होने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक बस अड्डे के नाम पर केवल एक गड्ढा ही नजर आ रहा है। इसके अलावा बैठक में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को समाप्त करने व आवारा पशुओं से निजात दिलवाने की भी मांग भी की गई। वहीं, सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर आंदोलनकारी व पूर्व काबीना मंत्री दिवाकर भट्ट को श्रद्धांजलि अर्पित भी की। इस मौके पर मंच अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी, प्रकाश कोठारी, राजेंद्र प्रसाद पंत, सुनील नवानी, राकेश लखेड़ा, पातीराम ध्यानी, नरेंद्र सिंह रावत, डा. रमेश चंद्र नैथानी, चिंतामणी देवलियाल, राकेश मोहन आदि मौजूद रहे।

## ऋतु खंडूडी ने की जनसुनवाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार शहर में ट्रैफिक दबाव, अतिक्रमण, पार्किंग, पेयजल-सीवर और अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण कार्यालय में समाधान केंद्रित जनसुनवाई बैठक आयोजित की गई। प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि शहर की समस्याओं का प्रभावी समाधान तभी संभव है जब विभाग जिम्मेदारी के साथ आपसी समन्वय बढ़ायें और कार्यों में गति लाये। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा व्यक्त की कि नागरिकों की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ समझा जाये और उन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। तत्पश्चात नगर निगम महापौर शैलेन्द्र रावत ने आवासीय भवनों को जल संयोजन देने में आ रही दिक्कतों, शहर में आवारा पशुओं की समस्या तथा बंदरों के उत्पात से हो रही परेशानी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय बढ़े तो कई समस्याएं सुलझ सकती हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में व्यापार संघ ने शहर में बढ़ते वाहनों, सीमित पार्किंग, चालानी कार्रवाई और सड़क किनारे ठेलियों से व्यवस्था प्रभावित होने जैसे मुद्दे रखे। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाड़े, नगर आयुक्त प्यारे लाल शाह, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, व्यापार संघ अध्यक्ष प्रवीण भाटिया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



ऋतु खंडूड़ी

## बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में 10 दिसम्बर को होगी सुनवाई



**नैनीताल ( चिंगारी )।** हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी अपडेट सामने आई है। कोर्ट ने मंगलवार को निर्धारित सुनवाई को आगे बढ़ाते हुए अगली तारीख 10 दिसंबर तय कर दी है। इससे पहले उम्मीद की जा रही थी कि आज इस बहुचर्चित केस में कोई महत्वपूर्ण फैसला आ सकता है, लेकिन तकनीकी कारणों के चलते सुनवाई स्थगित कर दी गई। बनभूलपुरा क्षेत्र की रेलवे भूमि पर अतिक्रमण को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। रेलवे और जिला प्रशासन द्वारा तैयार सर्वे रिपोर्ट के आधार पर हजारों परिवारों के पुनर्वास एवं हटाए जाने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हल्द्वानी में सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही कड़ी कर दी गई है। पुलिस-प्रशासन लगातार इलाके में गश्त कर रहा है और किसी भी तरह की अफवाहों पर नजर रखी जा रही है।

अब 10 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई बेहद अहम मानी जा रही है। सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर टिकी हैं, जो बनभूलपुरा के हजारों लोगों के भविष्य को प्रभावित करेगा। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और कोर्ट के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पुरानी रंजिश में नवाजिश को गोली मारी, हालत गंभीर

**पैजनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम अम्हेड़ा में 3 व्यक्तियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात्रि 9 बजे नवाजिश (20 वर्ष) पुत्र अकबर अम्हेड़ा के मोहल्ला दक्षिण में मदरसे के पास निर्माणाधीन मकान से अपने पुराने मकान पर जा रहा था कि गांव के ही वाजिद पुत्र मुश्ताक, सलीम पुत्र हनीफ एवं सलीम पुत्र अनीस ने उस पर गोली चला दी। गोली नवाजिश के दायें कंधे पर लगी। सूचना मिलने पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल नवाजिश को सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार नवाजिश की हालत गंभीर है। हल्दौर थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया।

## वाहन की चपेट में आकर मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )। बीती रात चांदपुर-हल्दौर रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त आमिर अल्वी ( 28 वर्ष ) पुत्र जहीर निवासी मुहल्ला पीरजादगान, झालू के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक आमिर अल्वी दिल्ली में**


आमिर अल्वी फाइल फोटो।

**काम करता था तथा बीती रात मोटरसाइकिल से घर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

## बिलाई मिल ने गत वर्ष का समस्त भुगतान किया

**हल्दौर ( चिंगारी )। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड बिलाई ने गत वर्ष का समस्त बकाया गन्ना भुगतान कर दिया हैं। मिल प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड बिलाई द्वारा पिछले पेराई सत्र 2024- 25 में 104.62 लाख कुंतल गन्ना की खरीद की गई थी। जिसका मूल्य 38199.65 लाख रुपए के सापेक्ष दिनांक 02 दिसंबर को समस्त बकाया भुगतान सम्बद्ध गन्ना समितियों को भेज दिया गया है।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मोहम्मद जब्बार जो वर्षो से औरंगाबाद में रहता है बुरी संगत में पड़ गया है और वह मुझसे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करता है,इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**-अबरार अहमद पुत्र श्री शब्बीर अहमद , निवासी-ग्राम सेह, थाना शिवाला कलां, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**


**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

*We Are Hiring*

PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है।

*Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred*

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199





Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor


### संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पोती सानिया जिसकी परवरिश मैंने व मेरी पत्नी ने की थी सानिया ने अपनी मर्जी से जीशान से निकाह कर लिया है, इस कारण मैं अपनी पोती व उसके पति से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-अब्दुल रहमान पुत्र घसीटा खां, निवासी ग्राम शफियाबाद थाना स्योहारा, जिला-बिजनौर**


### प्लॉट बिकाऊ है

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 9639919509, 9759593153, 9411016000



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है- मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की।





एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701
Ph- 9240083911, 9119766026